संक्षेप

## एसपी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति एवं कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, कार्यालयीय कार्यों को और अधिक प्रभावी और व्यवस्थित ढंग से संपादित किए जाने के निर्देश दिए।

## योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी जरूरी

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सभी विभागों की योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भी उन किसानों को ही दी जाएगी, जिनके किसान पहचान पत्र जारी हो गए हैं। कृषि विभाग के साथ ही उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई आदि विभागों की योजनाओं का लाभ भी किसान पहचान पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा। कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत प्रदेश में कृषकों के किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत कृषकों के किसान पहचान पत्र तैयार किए जा चुके हैं।

## अधिकारियों पर भारी पड़ रहे प्राइवेट स्कूल संचालक

दुद्धी, सोनभद्र। महंगी फीस और किताबों से जूझ रहे अभिभावकों को प्राइवेट स्कूल संचालक कोई राहत देने के मूड में नहीं हैं इसलिए सरकार के आदेश को दर -किनार कर प्राइवेट किताबें ही खरीदवाने में जुटे हुए हैं। सोनभद्र में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की टीम ने कुछ दिन पहले दुद्धी कस्बे में महंगी किताबों और मनमानी शुल्क वृद्धि की जाँच -पड़ताल की थी जिसमें महंगी किताबें मिली थी तथा महंगी फीस की सूची भी चस्पा मिली थी जिसको संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया गया था कि निजी एवं किसी एक निर्धारित दुकान से किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाने की शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी के आदेश पर जाँच टीम आने के बाद अभिभावकों में आश जगी थी कि अब निजी प्रकाशन की पुस्तकें खरीदने से राहत मिलेगा और एनसीआरटी की किताबें चलेगी लेकिन अधिकारियों के जाते ही पुनः वहीं सेटिंग वाली दुकान से किताब और ड्रेस खरीदने को अभिभावकों को मजबूर किया जाने लगा है। जिसको लेकर अभिभावकों ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है कि आखिर वह जाँच और आदेश का क्या मतलब जिसका कोई भी स्कूल संचालक पालन ही नही कर रहे हैं। अभिभावकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्कूल संचालक से मिले हुए हैं इसलिए फॉर्मेल्टी के लिए नोटिस जारी की गई थी। यहां कहा गया कि प्राइवेट स्कूलों के संचालक और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मजबूत साठ-गांठ हैं जिसका खामियाजा अभिभावकों को भुगतान पड़ रहा हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने कहा कि स्कूलों में शासन द्वारा निर्धारित एनसीआरटी या यूपी बोर्ड द्वारा निर्धारित किताबें ही पढ़ाई जानी हैं, इसके अलावा अन्य किसी प्रकाशन की पुस्तकें चलवाई जाती हैं तो स्कूल संचालक जिम्मेदार होंगे।

सूचना

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ बल्ले बहू रूबीना बानो के आचरण व्यवहार से काफी दुखी हूं, मेरे पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ बल्ले, बहू रूबीना बानो मारते-पीटते और गाली गलौज करते है। मैं बूढ़ा व्यक्ति हूं, और बीमार रहता हूं। मेरे द्वारा काफी समझाने पर भी उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। इसलिए आज दिनांक 31-03-2026 को खुब सोच समझकर कर बिना किसी जोर दबाव के अपने पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ बल्ले और बहू रूबीना बानो को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद से उनके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन वाद-विवाद व अनुचित कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा या मेरे परिवार का उनसे कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **कल्लू कुरैशी उम्र 56 वर्ष लगभग पुत्र मोहम्मद सहादत निवासी कजियाना नगर पंचायत वार्ड नंबर 07 परशदेपुर थाना डीह, जिला रायबरेली।**

# गोवंश संरक्षण पर फोकस, अधिकारियों को दिए निर्देश



सोनभद्र। गोवंश संरक्षण एवं गो-सेवा को सुशासन का आधार मानते हुए जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मा0 उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के यथस्वी एवं लोकप्रिय मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गौ-सेवा को केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करते हुए सतत कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए व्यापक एवं बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेश भर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य हैं जहा निराश्रित गोवंश के भरण पोषण के लिये सरकार द्वारा रू0 50 की दर से भरण पोषण की धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है।

श्री शुक्ल ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गौ-संरक्षण नीति के अंतर्गत वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे है। इन आश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक पशु-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था न केवल गोवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सुदढ़ कर रही है। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्लएवं सदस्य दीपक गोयल, विधायक सदर भूपेश चौबे द्वारा की गई। बैठक के दौरान स्थायी एवं अस्थायी गो-आश्रय स्थलों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## पत्रकार और पुलिस के बीच खेला गया मैच



बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय गैरेज स्थित मैदान में चल रहे रात्रिकालीन बीजपुर प्रीमियम लीग सीजन-1 के तहत गुरुवार की रात एक बेहद खास और मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबला पुलिस और पत्रकारों के बीच खेला गया। दूधिया रोशनी में नहाए खेल मैदान पर जब पुलिस और मीडिया की टीमें आमने-सामने उतरीं तो माहौल रोमांच और उत्साह से भर गया। बेहद कड़े और दिलचस्प मुकाबले में पुलिस एकादश ने मीडिया एकादश को मात्र 2 रनों से शिकस्त देकर जीत का परचम लहराया।

मैच की शुरूआत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। आयोजक धनंजय शर्मा और प्रमोद कुमार गुप्ता ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मैच में पुलिस टीम की कमान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के हाथों में थी वहीं मीडिया टीम का नेतृत्व दैनिक जागरण के पत्रकार संजय अग्रवाल ने किया।टॉस जीतकर पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक निर्णय लिया।निर्धारित 5 ओवरों के मैच में पुलिस टीम ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 47 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया की टीम ने भी शानदार जज्बा दिखाया।मीडिया के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और मैच को अंतिम ओवर की आखिरी गेंद तक ले गए। हालांकि कड़े संघर्ष के बावजूद मीडिया टीम 3 विकेट खोकर 45 रन ही बना सकी और महज 2 रनों से जीत से चूक गई। मैच के समापन पर हंसिका ऑटो सेल्स के प्रोपराइटर और आयोजक प्रमोद गुप्ता द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# अधूरे नाले को लेकर बाजारवासियों का प्रदर्शन



जौनपुर। सुरेरी क्षेत्र के बासुपुर काजीहद मार्ग स्थित नूरपुर बाजार में अधूरे नाले के चलते गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आमजन, दुकानदारों व स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जमा दुर्गंधयुक्त पानी से जहां लोगों का चलना दूभर हो गया है, वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 56 की जिला पंचायत सदस्य डॉ. सुनीता वर्मा के प्रस्ताव पर वर्ष 2024-25 में 7 लाख रुपये की लागत से 150 मीटर लंबे नाले का निर्माण स्वीकृत हुआ था, लेकिन किसी कारण से कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। बाजारवासियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे आक्रोशित होकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों व बाजार में संचालित पन्नालाल गुप्त इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने वार्ड संख्या 56 के जिला पंचायत सदस्य व निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सड़क पर भरे गंदे पानी में राहगीर व स्कूली छात्र फिसलकर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। साथ ही जरूरी कार्य से निकलने वाले लोगों के कपड़े गंदे हो जाने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पन्नालाल गुप्त इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. सुभाष चंद्र गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, नीरज गुप्ता, सुशील मौर्य, नंदलाल राजभर, अरविंद , पुनवासी माली, शिवलाल , मुन्ना राजभर, पन्नालाल गुप्त विद्यालय के छात्र व छात्राओं सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।इस संबंध में वार्ड नंबर 56 की जिला पंचायत सदस्य डॉ. सुनीता वर्मा ने बताया कि कुछ विवाद के कारण नाले का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है, जिसे शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा। वहीं जिला पंचायत के जेई अशोक सिंह ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के समर्थक द्वारा पुलिया बनाकर नाले का पानी नदी तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया था, उसी की प्रतीक्षा की जा रही थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# कर्मचारियों की समस्याओं पर लगेगी चौपाल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जौनपुर द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप संयुक्त रूप से दोनों संगठनों के गठित केंद्रीय समन्वय समिति के बैनर तले प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को विकास भवन परिसर में क्षेत्रीय कर्मचारी समस्या सुनवाई दिवस का आयोजन होगा।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष डॉ0 प्रदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र मे व्यवस्था है कि प्रत्येक माह जिलाधिकारी एवं अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा मान्यता प्राप्त सेवा संगठनों के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न कर्मचारी समस्याओं पर वार्ता किया जाएगा तथा जनपद स्तर की समस्याओं का निराकरण अपने स्तर से किया जाएगा। जिसका जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा कर्मचारी संगठनों की मांग के बाद भी पालन नहीं किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में हताशा एवं क्षोभ व्याप्त है। अतः पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रीय कर्मचारियों के जनपदीय पदाधिकारियों द्वारा अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को कर्मचारियों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने हेतु क्षेत्रीय कर्मचारी समस्या सुनवाई दिवसध कर्मचारी चौपाल लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में प्रथम चौपाल 11 अप्रैल 2026 को विकास भवन परिसर जौनपुर में लगाया जाएगा जिसमें जनपद के समस्त विकास खंडों से क्षेत्रीय सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

कर्मचारी चौपाल में विकासखंड से लेकर जनपद स्तर तक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके विलंबित व्यक्तिगत पावकों पर विस्तृत चर्चा होगी तथा उसकी कार्यवृत्ति जनपद के उच्च अधिकारियों के समक्ष समाधान हेतु रखा जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी संगठन के अध्यक्ष डॉ फूलचंद कनौजिया ने अवगत कराया कि वर्तमान में शासन प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए विभिन्न दिवस एवं समय तय कर रखा गया है लेकिन कर्मचारियों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है केंद्रीय समन्वय समिति के दोनों पदाधिकारियों ने जनपद के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कर्मचारी चैपाल दिवस में सहभागिता करने की अपील किया है।

## आधा दर्जन गुमटियां आग की भेट चढ़ीं



जौनपुर ।लाइन बाजार थाना क्षेत्र में वाजिदपुर तिराहे के पास सिटी टावर से पहले सड़क किनारे बनी आधा दर्जन गुमटियों में शुक्रवार तड़के करीब चार बजे आग लग गई। जिसमें रखा सभी सामान राख होगया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है ।स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम के साथ दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिस पर काबू पाने में टीम को घंटों का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वे सुबह करीब 4 बजे मॉर्निंग वॉक पर जा रहे थे, तभी उन्होंने अचानक आग लगी देखी। उन्होंने तुरंत लोगों को फोन कर सूचना दी, जिसके बाद दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और फायर स्टेशन को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया ।पीड़ित दयाराम प्रजापति ने बताया कि उनकी नाश्ते की दुकान थी। आग लगने से लगभग 60 से 65 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया है ।एक अन्य पीड़ित बबलू प्रजापति ने बताया कि उनकी भी नाश्ते की दुकान पूरी तरह जल गई है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मदद की अपील की है।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर चिकित्सा शिविर का आयोजन



आजमगढ़। विश्व होम्योपैथी दिवस और होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमेन की जयंती के पावन अवसर पर हमाई की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को अनंतपुरा स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रांगण में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर हैनीमेन के चित्र पर महंत शंकर सुवन उपाध्याय, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी डॉ भक्तवत्सल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेश दूबे, डॉ नेहा दूबे, डॉ नवीन दूबे, डॉ रणधीर सिंह, डॉ बी पांडेय ने माल्यार्पण कर चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ हैनेमन के अतुलनीय योगदान को याद किया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेश दूबे ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। डॉ नेहा दूबे ने कहा होमोयोपैथी सहज, सरल एवं सुरक्षित उपचार है, इसे अपनाने की जरूरत है। डॉ नवीन दूबे ने कहा आज के परिवेश में होमोयोपैथी से करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे हैं। डॉ रणधीर सिंह ने डॉ हैनेमन के चिकित्सा के छेत्र में उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया। शिविर में 600 लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस अवसर पर डॉ गिरीश सिंह, डॉ प्रभात यादव, डॉ अनिल पांडेय, डॉ राजकुमार राय, डॉ राजीव पांडेय, डॉ एस सी सैनी, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ नीरज दूबे आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# एसआईआरः अंतिम मतदाता सूची हुई प्रकाशित



आजमगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविंद कुमार द्वारा 10 अप्रैल 2026 को जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली (अन्तिम प्रकाशन) की बूथवार सूची 1-1 प्रति समस्त विधान सभाओं की साफ्ट व हार्ड कॉपी में प्रदान की गयी है। जनपद-आजमगढ़ में 27.10.2025 को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के समय 3714258 मतदाता थे। 6 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशन के समय मतदाता सूची में कुल 3147652 मतदाता थे, जिसमे से 1719537 पुरुष, 1428063 महिला एवं 52 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। 10.04.2026 को अन्तिम प्रकाशन के समय मतदाता सूची में कुल 3362770 मतदाता दर्ज है, जिसमे 1829710 पुरुष मतदाता, 1533011 महिला एवं 49 अन्य श्रेणी के मतदाता है।

भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार दावें एवं आपत्तियों का समय 27.10.2025 से 06.03.2026 तक था। इस दौरान मतदाताओं, बी०एल०ओ० एवं बी०एल०ए० के माध्यम से दावे तथा आपत्तियां प्राप्त हुई। दिनांक-27.10.2025 से लेकर अद्यतन कुल 236751 फार्म 6 प्राप्त हुए, जिसमे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो द्वारा विधिक प्रक्रिया पालन करते हुए 231303 फार्म स्वीकृत किये गये तथा 1211 फार्म 6 अस्वीकृत किये गये। दिनाक-06.03.2026 के बाद कुल 4237 फार्म 6 प्राप्त हुये है, जिनका भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निस्तारण किया जा रहा है। निस्तारण के उपरान्त नयी पूरक सूची में ये नाम नियमानुसार शामिल किये जायेगें। इसी प्रकार इस अवधि में कुल 13571 फार्म-7 प्राप्त हुए, अन्य जनपदों एवं प्रदेशों में निवासरत मतदाताओं द्वारा शिफ्टिंग के फार्म भरे गये, जिनके सापेक्ष जनपद आजमगढ़ की विधान सभाओं में फार्म/ऑटो जनरेट हुए, जिनको लेकर कुल 19984 फार्म 7 स्वीकृत हुए, 844 फार्म 7 अस्वीकृत हुए। 06.03.2026 के बाद कुल 876 फार्म 7 प्राप्त हुए, जिनका भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निस्तारण किया जा रहा है। इसी दौरान कुल 60502 फार्म-8 प्राप्त हुये, जिसमें 57115 फार्म-8 स्वीकृत किये गये तथा 1013 फार्म-8 अस्वीकृत किये गये है। दिनांक-06.03.2026 के बाद कुल 2374 फार्म-8 प्राप्त हुये है, जिनका भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निस्तारण किया जा रहा है। इस प्रकार इस प्रक्रिया के दौरान कुल 231303 नाम मतदाता सूची में शामिल किये गये तथा 19984 नाम मतदाता सूची से हटाये गये।

# सरकारी अस्पताल के छत पर लगे कई सोलर पैनल गायब

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी सरकारी अस्पताल के छत पर लगे कई सोलर प्लेट गायब होने से चचाओं का बाजार गर्म हो गया हैं, हालांकि अभी तक सीएचसी अधीक्षक द्वारा सोलर प्लेट गायब होने की सूचना न तो पुलिस को दी गई हैं और न ही संबंधित विभाग को, इसलिए तरह-तरह की चर्चाए शुरू हो गई हैं। बताया जाता हैं कि अस्पताल की पॉवर एनर्जी सप्लाई के लिए सोलर प्लेट लगाए गए हैं जिसमें से करीब एक दर्जन प्लेट गायब हो गई हैं, जिसको लेकर चर्चाए तेज हो गई हैं कि यदि सोलर प्लेट चोरी हुआ या गायब हो गया तो अभी तक जिम्मेदारों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना क्यों नही दी गई। यह सवाल हर लोगों के जेहन में गूंजने लगा हैं।

सूत्रों की माने तो दुद्धी सरकारी अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं का कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े स्थानीय कर्मचारी करते हैं, इसलिए आशंका जतायी जा रही हैं कि सोलर प्लेट भी कहीं न कहीं कर्मचारी उपयोग कर रहे हैं इसलिए अधीक्षक द्वारा अभी तक कहीं सूचना नही दी गई जबकि महीने भर से सोलर प्लेट छत से गायब हैं ।मरीजों के लिए भले ही कूलर पंखा की व्यवस्था न हो लेकिन कर्मचारियों के हर सुविधाएं उपलब्ध हो जाते हैं। यहां तक बताया जाता हैं कि सरकारी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को अस्पताल परिसर में रूम नही दिया जाता हैं जबकि कई ऐसे संविदा कर्मचारी हैं जो सरकारी कमरा दबाए बैठें हैं जबकि नियमानुसार पहले सरकारी स्टॉफ को कमरा एलाट किया जाना चाहिए लेकिन यहां तो सरकारी कर्मचारी बाहर प्राइवेट रूम में रहने को मजबूर हैं और संविदा कर्मचारी सरकारी कमरें का आनंद ले रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शाह आलम ने बताया कि 6 सोलर पैनल कुछ खराबी के कारण बनने हेतु संबंधित कंपनी को दिया गया है जो अभी तक नहीं बनकर आई है। वही सोलर पैनल को लेकर कुछ ना कुछ दिक्कतें निरंतर होती रहती हैं जिससे सोलर ऊर्जा का लाभ नहीं मिल पाता है। अभी कुछ दिन पहले बैटरी खराब हो चुकी थी जिसको लेकर बैटरी चेंज किया गया एक आर्मेचर जल गया था जिसको बदल गया, रही बात सोलर प्लेट गायब होने की तो इसको मैं दिखवाता हूं।

## ट्रांसफार्मर की चिंगारी से गेहूं की फसल राख



जौनपुर। सुरेरी क्षेत्र के सिठुपुर गांव में गुरुवार को खेत किनारे लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी खेत में गिर गई, जिससे रमेश बहादुर सिंह पुत्र स्व. सीताराम सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब एक बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के चलते आग तेजी से फैल गई, जिससे किसान को संभलने का मौका नहीं मिला। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। इस आगजनी से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है ।मौके पर पहुंचे लेखपाल साहब लाल पटेल ने मौका मुआयना किया और संबंधित रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही ।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जर्जर बिजली तारों व ट्रांसफार्मरों के कारण अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## धर्म और मर्यादा की शिक्षा देती कथा

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव में चल रही शिव शक्ति महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा के सातवें दिन शुक्रवार को काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि संसार में जब-जब अहंकार बढ़ता है तब-तब उसका अंत निश्चित होता है। कथा में तारकासुर वध और भगवान गणेश के प्राकट्य का प्रसंग विस्तार से सुनाया गया। उन्होंने बताया कि तारकासुर ने कठोर तप कर यह वरदान प्राप्त किया कि उसका अंत केवल भगवान शिव के पुत्र द्वारा ही संभव है। वरदान मिलने के बाद उसने देवताओं और ऋषियों को परेशान करना शुरू कर दिया ।जिससे तीनों लोकों में अशांति फैल गई। कथा में आगे बताया गया कि भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने देवताओं का नेतृत्व संभाला और तारकासुर से युद्ध किया। लंबे संघर्ष के बाद उसका अंत हुआ और देवताओं को भय से मुक्ति मिली ।इसके बाद भगवान गणेश के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। माता पार्वती ने अपने स्नेह से गणेश को उत्पन्न किया और उन्हें द्वार पर पहरा देने का दायित्व सौंपा। गणेश ने इसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाया। कथा के अनुसार जब भगवान शिव वहां पहुंचे तो गणेश ने उन्हें भीतर जाने से रोक दिया। इस पर विवाद की स्थिति बनी और भगवान शिव ने उनका मस्तक अलग कर दिया। बाद में माता पार्वती के आग्रह पर गणेश को पुनर्जीवित किया गया और हाथी का मस्तक लगाकर उन्हें नया स्वरूप दिया गया। शंकराचार्य ने कहा कि इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि अहंकार कभी स्थायी नहीं रहता जबकि कर्तव्य और निष्ठा से व्यक्ति सम्मान प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को प्रथम पूज्य का स्थान इसी कारण प्राप्त हुआ। कथा के समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार दुबे, जगत नारायण दुबे, डा०गोविन्द दुबे, प्रहलाद दुबे, रामजतन दुबे, अमरेश चंद्र दुबे, रामगोपाल दुबे, भीम दुबे, सुशील दुबे, ब्रह्मानंद दुबे, कामेश्वर दुबे, पशुपतिनाथ चौबे, कुन्दन पाण्डेय, उमेश कुमार पांडेय, मार्कंडेय पांडेय, उपेंद्र पांडे, जितेंद्र पांडे, शशि प्रकाश चौबे, लक्ष्मण पांडेय, शैलेंद्र पांडेय, बलिराम दुबे, जगत नारायण, शंकर पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, जीत नारायण दुबे के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चौथे दिन भी जारी रहा कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा के खिलाफ कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ शिव कुमार सिंह पटेल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक के नेतृत्व में मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। अहरौरा के फर्जी टोल प्लाजा एवं विंध्याचल के फर्जी टोल प्लाजा को हटवाने व मिजार्पुर के लोगों को 20 किलोमीटर के अंदर रहने वाले लोगों को फ्री पास दिए जाने की मांग को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय पर चौथा दिन भी धरना प्रदर्शन जारी हैं। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने कहा कि जैसे हिंदुओं पर जजिया कर लगाने का काम किया था, जिसका विरोध देश ने किया तब जेकर जजिया कर खतम हुआ वैसे ही आज भाजपा मां विंध्याचल के दरबार में टोल टैक्स लगाकर हिंदुओं से जजिया कर वसुलने का काम कर रही है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और अहरौरा में गरीब जनता के कमाई को लूटने के लिए अहरौरा में फर्जी टोल टैक्स लगाकर जनता को लूटा जा रहा है इससे यह साबित होता है कि यह सरकार हिंदू विरोधी है किसान मजदूर विरोधी है हम लोग धरने पर तब तक बैठे रहेंगे जब तक यह सरकार टोल टैक्स खत्म करे और लोकल केए 20 किलोमीटर पास जारी करो तब जाकर हम लोग यहां से हटेंगे कल कांग्रेस जन काला कपड़ा पहन कर सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे। प्रदर्शन में जिला बार संगठन के अध्यक्ष अभय राज सिंह के साथ पूरी कार्यकारिणी ने प्रदर्शन का समर्थन किया। समर्थन में. समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने भी समर्थन किया।

## कोर्ट ने सुनाई चेक बाउंस मामले में एक वर्ष की सजा, लगाया अर्थदंड

आजमगढ़। चेक बाउंस के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने दोषी को एक वर्ष कारावास तथा दस लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने अर्थदंड की पूरी राशि पीड़ित को देने का आदेश दिया है। यह फैसला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 11 अंकित वर्मा ने गुरुवार को सुनाया। इस मामले में पीड़ित सूबेदार यादव निवासी रामपुर थाना सिधारी ने अपने अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था। उनका आरोप था कि आरोपी कंचन प्रजापति पत्नी संतोष प्रजापति निवासी भगतपुर थाना बिलरियागंज ने उनसे सात लाख रुपये कर्ज लिए थे। जब सूबेदार यादव ने कंचन प्रजापति से अपने कर्ज के रुपये की मांग की तो उसने सात अक्तूबर 2022 को सात लाख रुपये का चेक दिया। खाते में रुपये न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। इस पर पीड़ित सूबेदार यादव ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कर्ज की वापसी के लिए नोटिस भेजा, लेकिन कंचन प्रजापति ने कोई जवाब नहीं दिया। तब पीड़ित सूबेदार यादव ने मुकदमा दाखिल किया। इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी कंचन प्रजापति को एक वर्ष कारावास तथा दस लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाने के लिए बैठक

मीरजापुर। आगामी 14 अप्रैल 2026 को भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 136वीं जयंती को जनपद में भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी अधिकारियों, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यो एवं स्वंय संगठनों के साथ बैठक कर तैयारियों के सम्बंध में दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत के हमारे महापुरूषपूर्वज महत्वपूर्ण प्रतीक है। महापुरूषो की लगाई गई सार्वजनिक स्मृति, सामाजिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय एवं स्थानीय योगदानकर्ताओ के प्रति सम्मान प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता के शिल्पी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2026 को पूरे जनपद में धूमधाम व सुव्यवस्थित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। ग्राम पंचायतों, नगर निकायो सहित सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयो मे डॉ अम्बेडकर की जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम चित्र प्रदर्शनी व अन्य कार्यक्रम कराए जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा सभी शिक्षण संस्थाओ मे प्रभात फेरी का आयोजन, चित्र कला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, संगोष्ठी आदि कार्यक्रम कराए जाएगा।

